# वाणिज्य में स्नातक
# (बी. कॉम. - जी )

## चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

### बी. सी. ओ. सी. -138: लागत लेखांकन

सत्रीय कार्य
2026

जांच सत्रीय कार्य की अवधि -1 जनवरी 2026 से 31 दिसम्बर 2026

**चतुर्थ सत्र**


प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त वि वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –**1100 68**

वाणिज्य में स्नातक (बी. कॉम. - जी )

चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

# बी. सी. ओ. सी. -138: लागत लेखांकन

सत्रीय कार्य – 2026

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस सत्रीय कार्य को तीन खंडों में विभाजित किया गया है। खण्ड - क में पांच प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 10 अंक के हैं। खण्ड - ख में पांच प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 6 अंक के हैं। खण्ड - ग में दो प्रश्न दिए गए हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 10 अंक के हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो जून 2026 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 मार्च 2026 तक जमा करवाना होगा।
2. वे छात्र जो दिसंबर 2026 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे उसको 15 अक्टूबर 2026 तक जमा करवायें।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **बी. सी. ओ. सी. -138** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **लागत लेखांकन** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **बी. सी. ओ. सी. -138 / टी. एम. ए./ 2026** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### खण्ड - क

1. एक विनिर्माण उद्यम को लागत लेखांकन के मुख्य लाभ क्या हैं ? (10)

2. लागत निर्धारण कि विभिन्न पद्धतियाँ क्या हैं? वे उद्योग बताइये जिनमें इन्हें लागू किया जा सकता है। (10)

3. केन्द्रीकृत क्रय ओर विकेंद्रीकृत क्रय में भेद कीजिए। (10)

4. आर्थिक आदेश मात्रा क्या होती है? इसका परिकलन कैसे किया जाता है? (10)

5. किसी फैक्ट्री में जनवरी 2025 माह में निम्नलिखित खरीद और वितरण किया गया। FIFO विधि के अनुसार भंडार खाता लेखा तैयार कीजिए। (3+7)

| तारीख | खरीद | | वितरण |
|---|---|---|---|
| | इकाई | दर (रु.) | |
| जनवरी 1 | 500 | 5.00 | ---- |
| जनवरी 8 | 300 | 5.10 | ----- |
| जनवरी 13 | ----- | ---- | 600 |
| जनवरी 18 | 400 | 5.20 | ----- |
| जनवरी 23 | ---- | ----- | 300 |
| जनवरी 25 | 500 | 5.10 | ---- |
| जनवरी 31 | ---- | ----- | 200 |

### खंड - ख

6. श्रमिक आवर्त (Labour Turnover) क्या है? बताएं कि श्रमिक आवर्त के प्रमुख कारण क्या हैं ? (6)

7. उपरिव्ययों के अनुभाजन के विभिन्न नियम बताइये। उन आधारों के कुछ उदाहरण दीजिये जिनका प्रयोग अनुभाजन और पुन: अनुभाजन के लिये किया जाता है। (6)

8. उचित उदाहरण की सहायता से मशीन घंटा दर की गणना स्पष्ट कीजिए। (6)

9. प्रक्रिया लागत निर्धारण विधि की मुख्य विशेषताएं बताइये और इसकी कार्य विधि बताइये। (6)

10. संयुक्त उत्पाद A, B, C और D का उत्पादन कुल संयुक्त उत्पादन लागत रु. 1,20,000 में किया जाता है। इसके फलस्वरूप A-20,000 इकाई, B -15,000 इकाई, C-10,000 इकाई और D -15,000 इकाई उत्पादित किए जाते हैं। उत्पाद A रु. 16 प्रति इकाई कि दर से, B रु 4 प्रति इकाई की दर से, C रु 8 प्रति इकाई की दर से और D रु 4 प्रति इकाई की दर से बेचे जाते हैं। यह आँकड़े "split off point" के रूप में हैं। संयुक्त लागत का निर्धारण निम्नलिखित आधार पर कीजिए : (6)

    (क) प्रति इकाई बिक्री मूल्य विधि द्वारा और

    (ख) कुल बिक्री मूल्य विधि द्वारा

## खंड - ग

11. निम्नलिखित में से किन्हीं दो में अंतर स्पष्ट कीजिये: (2 x 5)

क) प्रत्यक्ष व्यय और परोक्ष व्यय

ख) न्यूनतम स्टॉक सीमा और अधिकतम स्टॉक सीमा

ग) नकद छूट और व्यापारिक छूट

घ) संयुक्त उत्पाद और उपोत्पाद

12. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षेप में टिप्पणी लिखिए: (2 x 5)

क) जॉब लागत निर्धारण विधि

ख) प्रक्रिया हानि

ग) अनुलाभ

घ) जन – सुविधाएं